राजवाड़ा की दुर्गा प्रतिमा को परम्परा के मुताबिक पूर्णिमा को किया गया विसर्जन

बरौनी(आससे)। नगर परिषद बीहट अंतर्गत बरौनी का राजवाड़ा दुर्गा मंदिर की माता को पारंपरिक तरीके से सोमवार को पूर्णिमा के दिन उत्सवी माहौल में विसर्जन किया गया। सिमरिया धाम के गंगा नदी में लोगों ने नम आंखों से माता की विदाई की। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव अमन कुमार, रिंकू कुमार, पंकज कुमार, आकाश कुमार, सकेत कुमार, दीपक मिश्रा, राजू कुमार, हर्षित कुमार, देव शंकर ठाकुर, चिंकी कुमार, राजा राम राय, विशाल मिश्र, बुलबुल कुमार आदि में पूजा को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई ।शारदीय नवरात्र का समापन अत्यंत भावुक और श्रद्धा से भरे माहौल में हुआ। वर्ष १९७२ में स्थापित यह ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर इस क्षेत्र की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र है। पिछले ५४ वर्षों से यहां लगातार मां दुर्गा



की विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। इस विदाई समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चियां शामिल हुए। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए और मां को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था थाना अध्यक्ष जितेंद्र राम, कंचन दास आदि दल बल के साथ जुटे थे।

निर्माण कार्य स्थल पर शिलापट्ट नहीं लगाने पर लोगों ने किया विरोध

बलिया(आससे)। प्रखंड परिसर में जारी निर्माण कार्य स्थल पर शिलापट्ट नहीं लगाये जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि करीब दो महीनों से निर्माण कार्य जारी है। निर्माण स्थल पर खुदाई के बाद बने गड्ढे को देखकर कुछ लोग इसे पोखर बता रहे हैं, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि यहां भवन का निर्माण हो रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यहां किस योजना के तहत और किस उद्देश्य से निर्माण कार्य कराया जा रहा है? स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बने इस निर्माण कार्य के स्थल पर न तो कोई शिलापट्ट नजर आ रहा है और न ही योजना से संबंधित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। ऐसे में आम लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आखिर सरकारी परिसर में क्या बनाया जा रहा है। सड़क पर उड़ रही धूल, अस्पताल जाने वाले मरीज परेशान निर्माण कार्य के दौरान हुई खुदाई से निकली मिट्टी और धूल सड़क पर जमा होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर अनुमंडल अस्पताल जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इस रास्ते से गुजरने में दिक्कत हो रही है। धूल से होने वाली परेशानी को देखते हुए निर्माण स्थल के आसपास साफ-सफाई और धूल नियंत्रण के उचित इंतजाम किए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि निर्माणाधीन स्थल के ठीक सामने प्रशिक्षु आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी (सीओ) और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के आवास स्थित हैं।

महिला कॉलेज के कौशल विकास केंद्र के संचालक पर २१ लाख रू. गबन का मुकदमा दर्ज

बेगूसराय शि०प्र०(आससे)। श्रीकृष्ण महिला महाविद्यालय में संचालित बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कौशल विकास खाता खोलकर बिहार कौशल विकास मिशन, पटना से प्राप्त अनुदान की राशि प्राप्त करने और उसकी अवैध निकासी करने का



केंद्र की लगभग २१ लाख रुपये की राशि के अवैध निकासी के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आज जोरदार आंदोलन किया। केंद्र संचालक धीरज कुमार पर महाविद्यालय के नाम से अलग बैंक आरोप महाविद्यालय प्रशासन ने ही लगाया है। महाविद्यालय प्रशासन ने संबंधित बैंक को खाता फ्रीज करने के लिए पत्र भी दिया है। इसी मामले में लापरवाही और कार्रवाई में देरी को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसके महिला कहलेज के प्राचार्य का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने लगभग ४ घंटे तक प्राचार्य कक्ष के समक्ष प्रदर्शन कर दोषी पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर राशि की वसूली की मांग की। मौके पर विशेष आमंत्रित सदस्य अजित चौधरी ने कहा कि- छात्राओं के नाम पर आए पैसे का गबन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभाविप के दबाव के बाद अंततः महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मामला दर्ज कर लिया गया है। इस प्रदर्शन में नगर सह मंत्री नैना, कला मंच के संगीता कुमारी, कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य आर्या सहित, गुलशन, अभिषेक, हर्ष और बड़ी संख्या में छात्राएं एवं परिषद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीडीओ ने नये मतदाताओं के नाम जोड़ने में गति लाने का दिया आदेश

छौड़ाही(आससे)। प्रखंड क्षेत्र में कायाकल्प एवं एस आई आर कार्य को गति दिया जा रहा है। बी एल ओ को अपने-अपने कार्य



क्षेत्र में जिस मतदाता का नाम छुटा हुआ है उसे मतदाता सूची से जोड़ने एवं जिसका १८ वर्ष उम्र हो चुका है उसका नाम मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य को तीव्र गति दिया गया है। उक्त बातों की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने देते कहा कि पत्राचार के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के तमाम जनता से मतदाता सूची में जिनका नाम नहीं है या कट गया है किसी कारण बस बी एल ओ को जोड़ने में सहयोग करने का आह्वान किया है।

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओं यात्रा २ को

बेगूसराय शि०प्र०(आससे)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान के तहत आगामी २ नवंबर २०२६, सोमवार को बेगूसराय में पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी एवं सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय, बेगूसराय में जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा पदयात्रा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की तैयारी में जुटने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाहन किया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, २ नवंबर को दिन के ११:३० बजे गांधी स्टेडियम, बेगूसराय में कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। यहां से हजारों भाजपा कार्यकर्ता पदयात्रा करते हुए स्वामी विवेकानंद चौक (ट्रैफिक चौक) पहुंचेंगे। पदयात्रा के माध्यम से पार्टी द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार वीरेश विकास कुमार सुमित सनी बेबी रजक राकेश रोशन कृष्ण मोहन पप्पू जिला महामंत्री कुंदन भारती राम प्रवेश सहनी जिला मंत्री अविनाश कुमार संजना जायसवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शशांक शेखर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सीताराम सिंह जनार्दन पटेल उमेश पासवान मुकेश पटेल आलोक बंटी मुख्य रूप से मौजूद थे।

दिव्यांग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला पकड़ा तूल

बेगूसराय(आससे)। रतनपुर थाना क्षेत्र की घटना से इलाके में आक्रोश, गिरफ्तारी के बाद भी कार्रवाई की मांग को लेकर जुटे रहे ग्रामीणय पोक्को एक्ट के तहत मामला दर्ज बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में १५ वर्षीय दिव्यांग किशोरी के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बावजूद ग्रामीणों की भीड़ थाना क्षेत्र के पास जुटी रही और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करती रही। पुलिस ने मामले में पोक्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता दिल्ली में चाय की दुकान चलाते हैं। किशोरी अपनी मां के साथ बेगूसराय में रहती है। बताया जाता है कि घटना के दिन उसकी मां किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी और किशोरी घर में अकेली थी। आरोप है कि रविवार रात करीब आठ बजे मोहल्ले के रहने वाले प्रकाश साह और राकेश साह किशोरी को जबरन घर से उठाकर लगभग ५० मीटर की दूरी पर स्थित एक खाली मकान में ले गए।

विभिन्न मांगो को लेकर किसानों ने सीओ के समक्ष किया प्रदर्शन

मटिहानी(आससे)। दर्शकों से गंगा कटाव का दंश झेल रहे सिहमा मौजा के थाना-४२६ के हिसानों ने सरकारी अधिकारियों के रवैये के विरोध में रामदीरी सिहमा दियारा कश्यक संघर्ष समिति के बैनर तले अंचल कार्यालय पर असरदार धरना-प्रदर्शन किया। अध्यक्षता कांग्रेस आई के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। मौके पर अपने संबोधन में समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अंजान ने कहा कि शासन एवं प्रशासन का रवैया पूर्णतया जन विरोधी है। इसी का उदाहरण है कि थाना नंबर ४२६ सिहमा बरारी बंदोबस्ती जैसे भू भाग पर आज के तारीख में सवाल उठाया जा रहा है। इसके दाखिल खारिज पर भी मौखिक रूप से रोक लगा दी गई है। ज्ञात हो कि १९७०७१ में ही मुंगेर जिला अधिकारी के आदेश से इस भूभाग का नापी करवाया गया। तत्पश्चात जमाबंदी कायम करते हुए लगान निर्धारित कर नक्शा तैयार किया गया। तब से निर्धारित राजस्व कर का भुगतान आज के तारीख में भी हम लोग कर रहे हैं। जमीन का खरीद बिक्री भी हो रहा है। ऐसी स्थिति में बिना कोई कारण बताएं मौखिक आदेश के तहत दाखिल खारिज पर रोक लगाना ब्रिटानिया हुकूमत को भी मात देने वाला फैसला है। इसके खिलाफ हमें हर स्तर पर संघर्ष को तेज करना होगा। मौके पर पूर्व मुखिया संजीव कुमार सिंह, सिहमा पंचायत के सरपंच सुरेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष अवधेश सिंह, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पूर्णेन्दु कुमार, पूर्व अध्यक्ष कृष्णानंद सिंह, किसान नेता अशोक सिंह, रविंद्र कुमार राष्ट्रीय, सिकंदर राज, रामसुंदर सिंह, जिला पार्षद झुना सिंह, पैक्स अध्यक्ष सह भाकपा के अंचल मंत्री रामाधार कुमार, शिव कल्याण सिंह, अवधेश सिंह, निशाकर कुमार, अनिल कुमार सिंह, विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, कृष्णनंदन सिंह ने भी संबोधित किया।

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, पूजा देवी पति सतीश दास ग्राम थाना गौरीचक, जिला पटना का निवासी हूं व शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे आधार में मेरा नाम सरभौती कुमारी अंकित है, जो त्रुटि पूर्ण है। मेरे पैन कार्ड एवं मतदाता सूचि में मेरा नाम पूजा देवी अंकित है, जो सत्य है और पूजा देवी के नाम से जानी-पहचानी जाती हूं। Aff no.-5192 Date-29.09.2026

AFFIDAVIT

I, Parbati Kumari, D/O- Late Deonandan Prasad R/o- Usri Khurd Kothiyan Road Par PO-Khagaul PS- Shahpur Dist-Patna Pin- 801105 shall henceforth be known as Parbati Devi. Both names refer to same individual. Aff. No.-1044 Date 14.10.2026

खोया-पाया

मैं, नीतीन पाण्डेय (उम्र 38) सुपुत्र श्री निर्भय कुमार पाण्डेय, स्थायी पता-6/2जे-39 इन्दिरा नगर,चित्तईपुर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) शपथ पत्र द्वारा आम आवाम को सूचित करता हूं कि डॉ अबुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश(UPTU) लखनऊ से बी टेक(बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) सत्र वर्ष 2007-2011 का पास आउट डिग्री कोर्स का मूल अंक पत्र सहित कुछ जरूरी कागजात यात्रा के दौरान कहीं गुम हो गया है। मेरा युनिवर्सिटी इनरॉल/नामांकन संख्या 071231033843 एवं युनिवर्सिटी रौल नंबर 071230045 है।

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, do hereby solemnly affirm and declare as follows :- That Safa Hashmi is my daughter. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. That my daughter correct name is Safa Hashmi. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.vide aff. No.-5466 dated 23.10.26

CM-935

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

Name Change

I, Durga Singh W/o Arun Kumar R/o Flat No.-202, Shadhu Sharan Apartment, Post-Lohiya Nagar P.S. Kankarbagh, District Patna, Bihar-800020 vide Affidavit No. 375 dated 23 Oct. 2026 declare that my name mentioned in educational documents is Durga Kumari and as per Aadhar card and Pan card Durga Singh. Now I will be known as Durga Singh for all purposes.

CM-939

नाम परिवर्तन

मैं, रतन कुमार झा पिता स्व. मनिन्द्र झा निवास बसनही वार्ड नं. 3 पो.-बसनही थाना-बसनही जिला-सहरसा-852115 शपथ पत्र सं.-701 ता. 10.8.2026 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि हमारे सारे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम रतन कुमार झा दर्ज है लेकिन मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रत्नेश्वर झा अंकित है, जो गलत है। अब मैं रतन कुमार झा के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

रसीद सं. 943

नाम परिवर्तन

मैं, रूकमणी देवी पति सत्यानन्द सिंह निवास-रामदिरी (सीताकुण्ड) पो.-नावागढ़ी थाना-मुफसिल जिला-मुंगेर शपथ पत्र सं. 1489 ता. 15.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रूकमणी देवी है। घरेलू नाम सिन्धु देवी है। रूकमणी देवी एवं सिन्धु देवी दोनों नाम मेरा ही है। मैं इन दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अब मैं सभी कार्यों के लिए रूकमणी देवी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

रसीद सं.-942

शपथ पत्र

मैं, राम शोभित प्रसाद (Ram Sovit Prasad) पिता-राजकुमार राय साकिन-नयाटोला, सिमरी पो.+थाना-बख्तियारपुर, जिला-पटना बिहार-803212 आधार संख्या 833785079853 शपथ पत्र संख्या 27014 दिनांक 16.10.26 के द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं असम राइफल में हवलदार के पद पर पदस्थापित हूं, जिसका सर्विस नं. 2850842P है। मेरे सर्विस बुक में मेरे परिवार का नाम निम्न प्रकार दर्ज है। मेरा नाम Ram Safit Prasad मेरी पत्नी का नाम Parmila Devi पुत्री का नाम Lilan Kumar पुत्र का नाम Rakesh Kumar जन्म तिथि 01.01.1999 है जो गलत है। मेरा नाम Ram Sovit Prasad पत्नी का नाम Pramila Devi पुत्री का नाम Nilam Devi पुत्र का नाम Rakesh Kumar जन्म तिथि 31.12.2003 जो सही है।

CM-6652

माले ने दुष्कर्म की घटना को बताया शर्मनाक

बेगूसराय(आससे)। भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने नाबालिग १५ वर्षीय अल्पसंख्यक बच्ची के साथ घटित दुष्कर्म की घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि भाजपा की बलात्कारी संस्कृति की पक्षधरता से महिलाओं और बालिकाओं के साथ यौन हिंसा लागातार बढ़ रहा है। जिसे सम्राट और मोदी सरकार नियंत्रित करने में विफल है। बेगूसराय के भाजपाई सांसद सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ बलात्कार की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं जो आपत्तिजनक है। इससे असामाजिक तत्वों को घटना को अंजाम देने में बल मिल रहा है। इसी का परिणाम है बेगूसराय में अल्पसंख्यक नाबालिग लड़की के साथ दो अधेड़ पुरुष ने मिलकर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। जो आधुनिक समाज को शर्मसार कर रही है। पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा दिया जाए। अन्यथा पार्टी इसके खिलाफ संघर्ष तेज करेगी।

आदि कविमहर्षि बाल्मीकी जयंती मनी

तिलरथ(आससे)। सर्वमंगला आध्यात्म योग विद्यापीठ एवं महर्षि चिदात्मन वेद अनुसंधान न्यास सिमरिया धाम के तत्वाधान में कार्तिक कल्पवास मेला के शुभ अवसर पर आदि कवि वाल्मीकि जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए डॉक्टर सच्चिदानंद पाठक ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का नाम वाल्मीकि है वाल्मीकि रत्नाकर के रूपांतरण की व्याख्या का नाम है महर्षि उपाधि से विभूषित आदि कवि शब्द ऋषि भी सिद्ध हुए आज के संदर्भ में महर्षि वाल्मीकि सर्वथा प्रासंगिक हैं। समझ में विशिष्ट अतिथि मगही पत्रिका के संपादक धनंजय श्रोत्रि ने कहा कि आदि कवि वाल्मीकि ने हमें अपने जीवन के माध्यम से यह सिखाया कि व्यक्ति जब भी जाग जाए उसी समय



जीवन में सवेरा आ जाता है। सम्मानित डॉ. रामकिंकर सिंह ने कहा कि आश्विन मास के पूर्णिमा दिन आदि कवि वाल्मीकि की जयंती हमारे जीवन को सार्थक बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है, ए बी पी के प्रदेश मंत्री डाक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु श्री राम का चरित्र लिखकर आने वाले सैकड़ो पिढीयों ने प्रेरणा देने का काम किया है।

इस समारोह में प्रसिद्ध इतिहासकार डॉक्टर फुलेश्वर सिंह ने भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर सर्वमंगला परिवार के सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, न्यास के सहसचिव प्रो प्रेम, न्यास के सचिव सुधीर चौधरी, सुशील चौधरी, रविंद्र ब्रह्मचारी मीडिया प्रभारी नीलमणि मनोज कुमार, कन्हैया कुमार, राम झा, दिनेश झा, राजेश झा, आचार्य नारायण झा, लक्ष्मण झा, श्याम झा, रंजना देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, रितु देवी मौजूद थे।

मुखिया ने गृह विहिन ४३५ लोगों के नाम पीएम आवास योजना में शामिल करने की सूची बीडीओ को दिया

साहेबपुरकमाल(आससे)। सनहा पश्चिम पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने बीडीओ से मिलकर पंचायत के गृह विहिन ४३५ लाभुकों के नाम प्रधान मंत्री आवास योजना में शामिल करने को ले ज्ञापन दिया। मुखिया द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, २ अक्टूबर २०२६ को आयोजित विशेष ग्रामसभा के प्रस्ताव संख्या-०८ में ४२० नाम तथा २५ अक्टूबर २०२६ को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष ग्रामसभा के प्रस्ताव संख्या-०१ में १५ नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्रस्तावित किए गए थे। इस



प्रकार कुल ४३५ लाभुकों के नाम ग्रामसभा के रजिस्टर में दर्ज किए गए हैं। आवेदन में कहा गया है कि संबंधित लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जियो टैग भी किया गया था।

इसके बावजूद अंतिम सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवास सहायक दीपक कुमार (विष्णुपुर आहोक) द्वारा कथित तौर पर रुपये की मांग की गई। मुखिया ने आरोप लगाया है कि लाभुकों को धमकी दी गई कि पैसे नहीं देने पर उनका नाम सूची से काट दिया जाएगा। आवेदन के मुताबिक, कुछ लाभुकों ने रुपये नहीं दिए, जिसके कारण उनके नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं किए गए। मौके पर पूर्व प्रमुख मनोज कुमार और पैक्स अध्यक्ष रतन पासवान मौजूद थे। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत की जांच कर पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

शपथ-पत्र

मैं, विश्व रंजन कुमार पिता - मनोज कुमार ग्राम - बालागढ़ पो.- आनंदपुर थाना - रामपुर चौरम जिला- अरवल मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम विश्व रंजन कुमार अंकित है एवं सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम आशीष रंजन है दोनों नामों से जाना जाता हूं। भविष्य में आशीष रंजन के नाम से जाना जाऊंगा। शपथ पत्र सं.-17378 दिनांक 22.07.2026

शपथ-पत्र

मैं, अभिषेक राज पुत्र - शिवजी प्रसाद पटना सेंट्रल स्कूल के नजदीक, न्यू जगनपुरा, पटना - 800027 बिहार शपथ पत्र सं. 3162 दिनांक 02.09.2026 के अनुसार अभिषेक सिन्हा के नाम से जाना जाऊंगा।

For Sale/ eAuction: Wet damaged Dalmia Cement - 4952 Bags lying at Bettiah, Bihar – 845438 Contact Person for Physical Inspection - Mr. Jaiprakash Sharma (Godown Keeper) - 9934547475. Last Date For Inspection & EMD Deposit - 30.10.2026 & Date Of E-auction- 31.10.2026 (3PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta-9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever Therels'And' No Complaint' Basis).

For More details www.salvagemanagers.com/ support@salvagemanagers.com.

जसम का स्थापना दिवस मना

बेगूसराय(आससे)। जन संस्कृति मंच (जसम) बेगूसराय इकाई ४१वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी विजय सिन्हा ने की और संचालन दीपक सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल पतंग थे। रंगकर्मी अनिल पतंग को संस्था की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठकी का विषय था - ष्वर्तमान समय में रंगकर्म व रंगकर्मी - रंगमंच किसके लिए? । मुख्य वक्ता अनिल पतंग ने कहा कि आज रंगमंच बाजार और अनुदान की संस्कृति में घिर गया है, लेकिन सरकार ने उसे भी छीन लिया है। दर्शक सभागार से गायब हैं। रंगमंच को फिर से जनता के बीच, नुक्कड़, गली-मोहल्ले और गाँव की ओर लौटना होगा। रंगकर्मियों की संख्या बढ़ानी होगी। मिथिलेश कांति, दिवाकर प्रसाद, शंकर वर्मा, चंद्रदेव वर्मा, नवल किशोर, अजय कुमार, राजा राम आर्य, रंगकर्मी चंदन वत्स, दिलीप भारद्वाज, वरिष्ठ रंगकर्मी कुंवर कन्हैया, नीलेश, संजय कुमार, भूषण भारती और सारवेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यकारी सचिव पंकज कुमार सिन्हा किया।

कांग्रेस की वोट चोरी के खिलाफ रामलीला मैदान में होने वाली रैली को सफल बनाये : विकास उपाध्याय

बेगूसराय(आससे)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास की अध्यक्षता कांग्रेस भवन में हुई पार्टी नेताओं की बैठक में मुख्यालय आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को ले रामलीला मैदान में पार्टी की होने वाली रैली में भारी संख्या में कांग्रेसजनों को शामिल होने क आहवान किया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ के पूर्व



विधायक विकास उपाध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय अभियान 'वोट बचाओं देश बचाओं' के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पार्टी के इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज देश में लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के मताधिकार की रक्षा एक महत्वपूर्ण सवाल बन गया है। मतदाता सूची में पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जनजागरण को व्यापक रूप दिया जाए। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जनसंकल्प व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस मौके पे संगठन महासचिव हारून रशीद खान, नारायण सिंह, रामानंद सिंह कृष्णकुमार राय रामस्वार्थ साह रणजीत कुमार मुखिया सुबोध कुमार सिंह राजीव कुमार संजय सिंह युवा कांग्रेस के राहुल कुमार निशांत कुमार प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश प्रिंस अशोक सिंह, संजीव सिंह, आमोद सिंह,राजेश कुमार नाज हसन,निशा शर्मा, राकेश कुमार आर्य किशोर कुमार आदित्य गोलू, अधिवक्ता आलोक जग्गा सतीश कुमार बीरू मो.मुर्शिद खान, सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

पोक्सो एक्ट को ले जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बेगूसराय(आससे)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट २०१२ के बारे में अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन सर्वोदय प्लस टू स्कूल शाहपुर में आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को सेक्सुअल ऑफेंस पोक्सो एक्ट और विभिन्न कानून के बारे में जानकारी दिया गया इस मौके पर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अरशद आलम और विद्यालय के सभी शिक्षक गण शिक्षिका गण और विद्यालय के बच्चे बच्चियों मौजूद थे खास करके शाहपुर पंचायत के न्याय मित्र रामशरण दास भी मौजूद हुए और सभी ने जानकारी प्राप्त किया और इस जानकारी कोपैनल अधिवक्ता विनोद कुमार के द्वारा दिया गया।

नालसा के निर्देश पर जिलेभर में सुरक्षित बचपन अभियान चलेगा : करूणानिधि

बेगूसराय(आससे)। जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में व्यापक कानूनी जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम में बेगूसराय न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, पुलिस विभाग के पदाधिकारीगण, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के पदाधिकारी, पोक्सो कोर्ट के पीठासीन पदाधिकारी, किशोर न्याय परिषद के पीठासीन पदाधिकारी, बाल विकास संरक्षण इकाई के पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता विद्यालयों में बच्चों के बीच कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस अभियान के दौरान बच्चों को मुख्य रूप पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम साइबर अपराध से बचाव, नशे की लत से बचाव। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को समाज में उपलब्ध उन गलत संसाधनों और प्रलोभनों से बचाना है जो उनके बचपन को प्रभावित करते हैं। साथ ही बच्चों के संरक्षण के लिए कानून में जो भी प्रावधान बनाए गए हैं, उनके बारे में विस्तार से बताया जाएगा ताकि बच्चों का भटकाव रोका जा सके और उन्हें एक सुरक्षित बचपन प्रदान किया जा सके।